भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1263**
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष में सूचना, शिक्षा और संचार को प्रोत्साहन**

1263. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री सी. एन. अन्नादुरई:
डॉ. रामशंकर कठेरिया:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयुष में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) को प्रोत्साहन देने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना आरम्भ करने का उद्देश्य क्या है;
(ख) सरकार को इस योजना के कार्यान्वयन में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है;
(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति के उपयोग के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा कर पाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा आयुष चिकित्सा को प्रोत्साहन देने के लिए कितने कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और
(च) क्या सरकार ने इस क्षेत्र में निजी निवेश और उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क): आयुष पद्धति स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार के अधिदेश को पूरा करने की दृष्टि से, मंत्रालय आयुष में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) के संवर्धन के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना कार्यान्वित करता है। यह योजना 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं योजना के दौरान प्रचलन में रही और तब से जारी है। 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं योजना में आईईसी गतिविधियों के अनुभव के आधार पर और योजना को और अधिक प्रभावी बनाने की दृष्टि से, योजना को समय-समय पर उपयुक्त रूप से अद्यतन किया गया था। योजना के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

(i) भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम 1961 के तहत मंत्रालय को सौंपे गए आयुष पद्धति स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार के अधिदेश को पूरा करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार के क्षेत्रों में गतिविधियाँ करना। नागरिकों के बीच आयुष पद्धति की प्रभावकारिता, उनकी लागत प्रभावशीलता और एएसयू एंड एच दवा सेवाओं एवं अन्य समाधानों के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना। इस उद्देश्य के लिए विभिन्न संचार माध्यमों का उपयोग करना और सभी के लिए स्वास्थ्य के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु डिजिटल और ऑडियो-वीडियो प्रचार सामग्री सहित आईईसी सामग्री का तैयार करना;

(ii) मेलों, प्रदर्शनियों, सेमिनारों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और शैक्षिक प्लेटफार्मों के माध्यम से राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर आयुष पद्धतियों में किए गए अनुसंधान और विकास कार्यों के प्रमाणित परिणामों पर जानकारी का प्रसार। महत्वपूर्ण दिनों को मनाने की योजना बनाना और आयोजन करना;

(iii) सूचना और संचार मंच प्रदान करना जहां राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल कार्यक्रमों, सम्मेलनों, सेमिनारों और प्रदर्शनियों/मेलों के माध्यम से आयुष पद्धति के हितधारकों के बीच क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर बातचीत हो सके और हितधारकों को उनमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

(iv) आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार के लिए सेमिनार, सम्मेलन, संगोष्ठी और आयुष पद्धति पर कार्यशालाएं (डिजिटल मोड सहित) जैसे कार्यक्रम आयोजित करना और शेयरधारकों को आयुष क्षेत्र में हाल के विकास से संबंधित जानकारी प्रदान करना।

(ख): मंत्रालय को योजना को लागू करने में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है।

(ग): आईईसी योजना के तहत, धनराशि राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार आवंटित नहीं की जाती है। हालाँकि, विगत तीन वर्षों और मौजूदा वित्तीय वर्ष में आवंटित बजट, संशोधित बजट और वास्तविक व्यय का विवरण **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(घ) और (ङ): सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति के उपयोग के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विगत तीन वर्षों और मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) योजना के तहत आयुष चिकित्सा पद्धति के संवर्धन के लिए सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

(च): चिकित्सा मूल्य यात्रा के संवर्धन के लिए आयुष मंत्रालय के तहत केंद्रीय क्षेत्र योजना नामत: चैंपियन सेवा क्षेत्र योजना में निजी निवेशकों को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) अधिनियम, 2020 (तत्कालीन भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (आईएमसीसी) अधिनियम, 1970) अथवा राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 (तत्कालीन होम्योपैथिक केंद्रीय परिषद (एचसीसी) अधिनियम, 1973) के तहत विश्व स्तरीय मान्यता प्राप्त पद्धतियों के अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों/डे केयर सेंटरों की स्थापना के लिए अखिल भारतीय आधार पर ब्याज सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। आयुष मंत्रालय ने आयुष मंत्रालय के संबंध में कार्यनीतिक योजना और फैसिलेशन ब्यूरो (एसपीएफबी) की स्थापना के लिए इन्वेस्ट इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। एसपीएफबी का उद्देश्य इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से आयुष क्षेत्र में निवेश को सुविधाजनक बनाना है।

*****

**संलग्नक-I**

**बजट का विवरण**

**करोड़ रुपये में**

| **वर्ष** | **बजट अनुमान** | **संशोधित अनुमान** | **वास्तविक व्यय** |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 44.50 | 22.70 | 20.94 |
| 2021-22 | 46.20 | 34.84 | 30.04 |
| 2022-23 | 43.88 | 55.40 | 51.60 |
| 2023-24 (अनंतिम) | 41.00 | 39.85 | 30.47 |

**संलग्नक-II**

**विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष अर्थात 2020-21 से 2023-24* तक आईईसी योजना के तहत आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा**

**i. राष्ट्रीय आरोग्य मेला:-**

| **क्र.सं.** | **नगर और राज्य** | **वित्तीय वर्ष** |
|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु (कर्नाटक) | 2022-23 |
| 2. | उज्जैन (मध्य प्रदेश) | 2022-23 |
| 3. | गुवाहाटी (असम) | 2022-23 |
| 4. | जयपुर (राजस्थान) | 2023-24 |
| 5. | तिरुवनंतपुरम (केरल) | 2023-24 |
| 6. | थाणे (महाराष्ट्र) | 2023-24 |
| 7. | नई दिल्ली | 2023-24 |

**ii. राज्य स्तरीय आरोग्य मेला**

| **क्र.सं.** | **नगर और राज्य** | **वित्तीय वर्ष** |
|---|---|---|
| 1. | ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) | 2021-22 |
| 2. | नई दिल्ली | 2021-22 |
| 3. | वाराणसी (उत्तर प्रदेश) | 2022-23 |
| 4. | आइजोल (मिजोरम) | 2022-23 |
| 5. | मोन टाउन (नागालैंड) | 2023-24 |

**iii. आयुर्वेद पर्व/योग उत्सव**

| **क्र.सं.** | **नगर और राज्य** | **वित्तीय वर्ष** |
|---|---|---|
| 1. | जालंधर (पंजाब) | 2020-21 |
| 2. | डिब्रूगढ़ (असम) | 2020-21 |
| 3. | भुवनेश्वर (ओडिशा) | 2020-21 |
| 4. | ऋषिकेश (उत्तराखंड) | 2021-22 |
| 5. | नालन्दा (बिहार) | 2021-22 |
| 6. | नई दिल्ली | 2021-22 |
| 7. | चंडीगढ़ | 2021-22 |
| 8. | तिरुवनंतपुरम (केरल) | 2022-23 |
| 9. | गुवाहाटी (असम) | 2022-23 |
| 10. | जम्मू (जम्मू-कश्मीर) | 2022-23 |
| 11. | सिलीगुड़ी (पश्चिमी बंगाल) | 2022-23 |
| 12. | इंफाल (मणिपुर) | 2022-23 |
| 13. | शिलांग (मेघालय) | 2022-23 |
| 14. | शिर्डी (महाराष्ट्र) | 2022-23 |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | नागपुर (महाराष्ट्र) | 2022-23 |
| 16. | राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश) | 2022-23 |
| 17. | नई दिल्ली | 2022-23 |
| 18. | रोहतक (हरियाणा) | 2022-23 |
| 19. | पुरी (ओडिशा) | 2022-23 |
| 20. | मेरठ (उत्तर प्रदेश) | 2022-23 |
| 21. | चंडीगढ़ | 2022-23 |
| 22. | पंचकुला (हरियाणा) | 2023-24 |
| 23 | तिरूपति (आंध्र प्रदेश) | 2023-24 |
| 24. | श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) | 2023-24 |

**iv. महत्वपूर्ण दिवस समारोह:**

| **क्र.सं.** | **महत्वपूर्ण दिवस** | **स्थान** | **वित्तीय वर्ष** |
|---|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया | 2020-21 |
| 2. | आयुर्वेद दिवस, 2021 | जयपुर (राजस्थान), जामनगर (गुजरात), नई दिल्ली | 2021-22 |
| 3. | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया | 2021-22 |
| 4. | 5वां सिद्ध दिवस | चेन्नई (तमिलनाडु) | 2021-22 |
| 5. | यूनानी दिवस 2022 | नई दिल्ली | 2021-22 |
| 6. | 5वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस, 2022 | पुणे (महाराष्ट्र) | 2022-23 |
| 7. | यूनानी दिवस, 2023 | बेंगलुरु (कर्नाटक), नई दिल्ली | 2022-23 |
| 8. | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | मैसूरु (कर्नाटक) | 2022-23 |
| 9. | 7 वां सिद्ध दिवस | मदुरई (तमिलनाडु) | 2023-24 |
| 10. | विश्व होम्योपैथी दिवस 2023 | नई दिल्ली | 2023-24 |

**V. विशेष आयोजन**

| **क्र.सं.** | **आयोजन का नाम** | **स्थान** | **वित्तीय वर्ष** |
|---|---|---|---|
| 1. | वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार शिखर सम्मेलन 2022 | गांधीनगर (गुजरात) | 2022-23 |